जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : एफ–परीक्षा/नामांकन/2013/7412 दिनांक : 09/09/2013

प्रति,

1. प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।

2. विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक,
समस्त अध्ययनशालायें,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।

विषयः–नामांकन आवेदन पत्र जमा करने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाओं में शैक्षणिक सत्र् 2013–14 में नवीन प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन आवेदन–पत्र दिनांक 30.09.2013 तक माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल एवं मध्यप्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं से सामान्य शुल्क 100/– तथा अन्य बोर्ड/अन्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं से सामान्य शुल्क 200/– के साथ आवेदन निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करायें। उक्त तिथि के उपरांत विलंब शुल्क 200/– प्रति छात्र देय होगा।

नामांकन आवेदन–पत्र के साथ मूल अर्हता, मूल प्रव्रजन प्रमाण–पत्र/मूल टी.सी. प्रति हस्ताक्षरित, जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक के हस्ताक्षर हों, संलग्न कर ही प्रस्तुत की जावे। अपूर्ण नामांकन आवेदन–पत्र किसी भी स्थिति में मान्य नहीं किये जावेंगे। नामांकन आवेदन–पत्र के साथ कम्प्यूटरीकृत, कक्षावार (ALPHABETICAL) अंग्रेजी वर्णमाला के क्रमानुसार अनिवार्य रूप से सूची भेजने का कष्ट करें।

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत प्रवेश दिये गये हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि नामांकन आवेदन–पत्रों के साथ ऑनलाईन कॉलेज रजिस्ट्रेशन लेटर की प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करें। साथ ही जिन छात्रों के प्रवेश संस्था स्तर पर हुये हैं, उनकी सूची नोडल महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सत्यापित कराकर संलग्न करें। छात्र–छात्राओं का नामांकन शुल्क बैंक चालान द्वारा ग्वालियर– चम्बल संभाग की सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की शाखाओं/जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की शाखा द्वारा ही जमा कराया जावे, जिसकी तृतीय प्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न की जावे तथा आवेदन–पत्र पर निर्धारित कॉलम में बैंक चालान क्रमांक, दिनांक एवं रुपये भी अनिवार्य रूप से महाविद्यालय/छात्र–छात्राओं द्वारा अंकित किया जाये, तभी आवेदन–पत्र मान्य किये जावेंगे।

क्रमशः.............2

ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय ने सभी सेमेस्टर परीक्षाओं में परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन अपडेट करते समय नामांकन नम्बर अपडेट करना अनिवार्य कर दिया है। अतः इस संबंध में निर्देशित किया जाता है कि विगत् वर्षो में यदि कोई छात्र–छात्रा नामांकन आवेदन–पत्र भरने से रह गये हों, तो ऐसी स्थिति में शेष छात्र–छात्राओं से नामांकन आवेदन–पत्र अनिवार्य रूप से विलम्ब शुल्क 200/– के साथ विश्वविद्यालय कार्यालय में मान्य किये जावेंगे।

अतः समस्त संबंधित महाविद्यालय/अध्ययनशालाओं के प्राचार्य/विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि सत्र् 2013–14 में मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल द्वारा ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत जिन कक्षाओं में ऑनलाईन प्रवेश दिये गये हैं, उन सभी छात्र–छात्राओं का नामांकन आवेदन–पत्र भरवाना अनिवार्य है। अगर कोई छात्र नामांकन आवेदन–पत्र भरने से छूट जाता है तो ऐसी स्थिति में उस छात्र का परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन अपडेट नहीं हो सकेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्राचार्य/संबंधित छात्र की होगी।

भ व दी य,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. प्रभारी, नामांकन शाखा, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. वेबसाइट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (परीक्षा)